भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3331
उत्तर देने की तारीख-16/12/2024

एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षा

†3331. श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित परीक्षाओं का ब्यौरा क्या है; और
(ख) एनटीए द्वारा विगत पांच वर्षों के दौरान कार्य आदेश/समझौते/निविदा दस्तावेज में विनिर्दिष्ट निबंधन और शर्तों के अनुसार विभिन्न एजेंसियों को दिए गए कार्य का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क): राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की स्थापना उच्चतर शिक्षा संस्थानों (एचईआई) में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित करने हेतु एक विशेष निकाय के रूप में की गई है। पिछले पाँच वर्षों के दौरान आयोजित परीक्षाओं का ब्यौरा **अनुलग्नक** के रूप में संलग्न है।

(ख): प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, उनके सुचारू और निष्पक्ष संचालन के लिए विभिन्न परिचालन और सुरक्षा उपाय किए जाते हैं। ऐसे उपायों में बायोमेट्रिक कैप्चरिंग, फ्रिस्किंग, सीसीटीवी निगरानी, संभावित प्रतिरूपण की पहचान करने के लिए डेटा एनालिटिक्स, परीक्षा प्रतिपादन आदि जैसी सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेष एजेंसियों की भागीदारी शामिल है।

*****

अनुलग्नक

“एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षा” के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी द्वारा दिनांक 16.12.2024 को लोक सभा में पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 3331 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

वर्ष	परीक्षा की प्रणाली	परीक्षाओं की संख्या	पंजीकृत/ अनुसूचित उम्मीदवारों की संख्या
2019	सीबीटी	22	53,52,852
	पेन और पेपर	1	15,29,246
	कुल	**23**	**68,82,098**
2020	सीबीटी	23	42,44,102
	आईबीटी	9	25,973
	पेन और पेपर	3	16,09,863
	कुल	**35**	**58,79,938**
2021	सीबीटी	33	52,06,556
	सीबीटी + हाइब्रिड + पेन और पेपर	1	15,416
	आईबीटी	7	3,18,914
	पेन और पेपर	3	17,71,503
	आरपी-ओबीटी	1	16,021
	कुल	**45**	**73,28,410**
2022	सीबीटी	33	75,49,697
	सीबीटी + हाइब्रिड + पेन और पेपर	2	1,32,836
	आईबीटी	6	2,43,363
	पेन और पेपर	3	31,47,410
	कुल	**44**	**1,10,73,306**
2023	सीबीटी	57	96,69,432
	पेन और पेपर	6	36,73,820
	अंग्रेजी शॉर्टहैंड टेस्ट + टंकण	3	8,289
	कुल	**66**	**1,33,51,541**
2024	सीबीटी	12	33,40,785
	सीबीटी + हाइब्रिड + पेन और पेपर	4	14,70,086
	अंग्रेजी शॉर्टहैंड टेस्ट	2	3,779
	साक्षात्कार + पेन और पेपर (वर्णनात्मक) + टाइपिंग टेस्ट	7	23,007
	पेन और पेपर	3	37,21,438
	आरपी-ओबीटी	1	18,910
	कुल	**29**	**85,78,005**
कुल योग		**242**	**5,30,93,298**